भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3423
13.03.2020 को उत्तर के लिए

बडालखोल वन्यजीव अभयारण्य

3423. श्रीमती गोमती साय :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जशपुर, छत्तीसगढ़ के बडालखोल वन्यजीव अभयारण्य में जंगली जानवरों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का ऐसे जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से उक्त अभयारण्य से होकर नदी तक एक बांध बनाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख) छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बडालखोल वन्यजीव अभयारण्य में लुंबालता, दोदाकी, देगा-देगी, सरायदाह, बेतारानाला, जोराजेम झोंकपानी, भवारकाछर इत्यादि जैसी बारहमासी सरिताएं हैं। इन पर स्टाप बांध, एनीकट और मिट्टी के बांध निर्मित किए गए हैं।

(ग) और (घ) छत्तीगढ़ सरकार ने सूचित किया है कि वन्यजीवों के लिए पानी के प्रबंधन के उद्देश्य से बडालखोल अभयारण्य के बीच से निकल रही नदी पर बांध निर्मित करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****